सत्यमेव जयते

खंड ९ संख्या २१

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## सरकारी रिपोर्ट

मंगलवार, तिथि ६ मार्च, १९५६।

---

Vol. IX No. 21

# The
# Bihar Legislative Assembly
# Debates
## Official Report

*Tuesday, the 6th March, 1956.*

---

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार,
पटना, द्वारा मुद्रित,
१९५६।

[मूल्य—६ आना।]

*[Price—6 Annas.]*

अध्यक्ष—आप इस तरह प्रश्न पूछें कि कौन-कौन सी सड़क है जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से हो सकता है और उसमें पुल नहीं बनाना पड़ेगा।

श्री अब्दुल क्यूम अंसारी—कम ही सड़क ऐसे हैं जिन पर पुल नहीं बनाना पड़ेगा।

श्री भगवती प्रसाद सिंह—मेरा प्रश्न है कि कौन-कौन सड़क बन रही है या बनने जा रही है?

श्री अब्दुल क्यूम अंसारी—हमारे जानते कोई सड़क नहीं है।

---

सारन जिले की सड़कों को द्वितीय पंचवर्षीय योजना में शामिल होना।

*११४७। श्री भगवती प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सारन जिले की कौन-कौन सड़कों को लोक-निर्माण विभाग द्वारा सुधारने का निर्णय हुआ है;

(२) गत सप्तम सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या १८९ के खंड (ए) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार सारन जिले के बड़हरिया थाने में रेल और अच्छी सड़कों के अभाव को देखते हुए सिवान से बड़हरिया जाने वाली १० मील लम्बी सड़क को बनवाना चाहती है और उक्त प्रश्नोत्तर की सूची की संख्या (१) की सड़क के मशरक-तरैया-मढ़ौरा भाग को तथा संख्या (४) की सड़क के बसंतपुर-पकड़ी सलेमपुर भाग को छोड़ देना चाहती है?

श्री अब्दुल क्यूम असारी—(१) द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सारन जिला की जिन सड़कों का सुधार करने का तय पाया है वे इस प्रकार हैं:—

(१) सिवान से बसन्तपुर, मशरक, तरैया होते हुए मरह्रौरा तक ४४ मील।
(२) गुठनी से मैरवा तक १० मील।
(३) मीरगंज से बड़का गांव और भोरे होते हुए कटैया तक २६ मील।
(४) छपरा से बसन्तपुर और पकड़ी होते हुए सलेमपुर तक ५० मील।
(५) चैनवा से सिसवन तक १६ मील।

(२) संसद के माननीय सदस्यों की राय लेकर ही तथा स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर द्वितीय पंचवर्षीय योजना तैयार की गयी है। उसमें अब इस समय अदल-बदल करने से पूरी योजना में गड़बड़ी हो जायेगी क्योंकि तब सभी सड़कों पर फिर आरम्भ से विचार करना होगा।

श्री रामानन्द यादव—हमलोगों को खबर है कि कभी बैठक नहीं हुई।

श्री अब्दुल क्यूम अंसारी—जहां तक हमको मालूम है एक कांफरेंस हुई थी।

श्री रामानन्द यादव—क्या आपको तारीख मालूम है?

श्री अब्दुल क्यूम अंसारी—ठीक तारीख तो मालूम नहीं है मगर १९५२-५३ में बैठक हुई थी।

श्री रामानन्द यादव—क्या आप सही तारीख बतायेंगे?

अध्यक्ष—इसके लिये आप दूसरा प्रश्न पूछें।

---

REVISION OF PAY SCALE.

*1148. Shri RAGHUNANDAN PRASAD: Will the Minister in charge of the Public Works Department, be pleased to state—

(1) whether it is a fact that there is a separate section in the office of the Executive Engineer, Central Division, Patna which deals with assessment and recovery of rent for State Government residential buildings;

(2) whether it is a fact that there are (*i*) Senior Accounts Clerks in the pay scale of Rs. 80—4—100—120, (*ii*) Junior Accounts Clerks in the pay scale of Rs. 50—2—70—2—90 and (*iii*) Correspondence Clerks in the pay scale of Rs. 50—2—70—2—90;

(3) whether it is a fact that the duties allotted to and performed by the said grades of clerks are of one and the same nature and of equal responsibility;

(4) whether it is a fact that the clerks mentioned in clauses (*ii*) and (*iii*) are not given chance to officiate as Senior Accounts Clerks whenever short vacancy occurs;

(5) if the answers to clauses (1), (2), (3) and (4) be in the affirmative, whether Government propose to revise and fix a uniform scale of pay for the clerks working in the rent section, if not, why?

Shri ABDUL QAIYUM ANSARI: (1) It is a fact that one of the sections in the Office of the Central Division deals with questions relating to rent.

(2) Two posts of Senior Accounts Clerks, 18 posts of junior Accounts Clerks and one post of Correspondence Clerk are sanctioned for the Central Division at Patna on account of work connected with assessment and recovery of rent. The pay scale of the different categories of posts is as stated in the question.

(3) The reply is in the negative.